बहुलतर विशुद्ध नैगम नय है; वले प्रश्नकर्त्ता प्रश्न किया कि एक मोहल्लामें अनेक घर है, तो आप कौनसे घरमें वसते हैं? व्यक्ति उत्तर दिया कि मैं मध्य घर (बीचघर) में वसता हूं; यह विशुद्ध नय है यह सर्व उत्तरोत्तर शुद्ध-रूप नैगम नयके ही वचन है, वले प्रश्न-कर्त्ता प्रश्न किया कि मध्य घरमे तो महान् स्थान है आप कौनसे स्थानमे वसते हैं? व्यक्ति उत्तर दिया कि मैं स्व-शय्यामे वसता हूं, यह संग्रह नय है; वले प्रश्नकर्त्ता प्रश्न किया कि शय्यामें भी महान् स्थान है आप कहां पर रहते हैं? व्यक्ति उत्तर दिया कि असंख्याता प्रदेश अवगाह-रूप में वसता हूं, यह व्यवहार नय है; वले प्रश्नकर्त्ता प्रश्न किया कि असंख्याता प्रदेश अवगाह-रुपमें धर्म, अधर्म आकाश पुद्गल इनके भी महान् प्रदेश है, आप क्यां सर्वमे ही

वसते है? व्यक्ति उत्तर दिया कि नहींजी मैं तो चेतन गुण स्वभावमें वसता हूं; यह ऋजुसुत्र नयका वचन है, वले प्रश्नकर्त्ता प्रश्न किया कि चेतन गुणकी पर्याय अनंती है जैसे कि ज्ञान चेतना, अज्ञान चेतना, आप कौनसे पर्यायमें वसते हैं? व्यक्ति उत्तर दिया कि मैं तो ज्ञान चेतनामें वसता हूं; यह शब्द नय है; वले प्रश्नकर्त्ता प्रश्न किया कि ज्ञान चेतना कि भी अनंत पर्याय है, आप कहां पर वसते हैं? व्यक्ति उत्तर दिया कि निज गुण परिणत निज स्वरूप शुक्ल ध्यान पूर्वक ऐसी निर्मल ज्ञान स्वरूप पर्यायमें वसता हूं, यह समभिरूढ़ नयका वचन है; वले प्रश्नकर्त्तो प्रश्न किया कि निज गुण परिणत निज स्वरूप शुक्ल ध्यान पूर्वक पर्यायमें वर्धमान भाव अपेक्षा अनेक स्थान हैं, तो आप कहां पर वसते हैं? व्यक्ति उत्तर दिया कि अनन्त ज्ञान, अनन्त दर्शन,

शुद्ध स्वरूप, निज रूप में वसता हूं यह एवंभूत नयका वचन है।

॥ दृष्टांत दुजो पायली ऊपर ॥

कोइ सुथार हाथमें वसोली (कवाड़ी) लेकर जा रहा था, किसीने पुछा, भाई कहां जाते हो? उसने कहा पायली काटने को; जब वह लकड़ी काट रहा था तब किसीने पुछा भाई क्या काटते हो? तब उसने कहा पायली (ए नेगम नयका मत) जब वह बनानेको बैठा तब किसीने पुछा, क्या बनाते हो? बोल्या के पायली, जब बनके तैयार होगइ तब किसीने पुछा, के यह क्या है? उसने कहा पायली; ऐसे नेगमनय और व्यवहार नय वालोंका मत; संग्रहनय वालो कहे के जब उसमें धान भरोगे तबही पायली कही जायगी।

हवे ऋजुसुत्र नय वालो कहे के जब उसमें धान भरके एंक दो तीन गिनोगे तबही वह पायली कही जायगी।

हवे शब्द नय आदि (शब्दनय, संभिरूढ़ एवंभूत नय) तीन नयवाले कहे के जब उसमें धान भरके उपयोग सहित गिनोगे तवही पायली कही जायगी।

॥ दृष्टांत तीजो सामायिक ऊपर ॥

सामायिक शब्दों पर सात नयकी वर्णन।

(१) नैगमनयके मतमें सामायिक करनेके जब परिणाम हुवे तवही सामायिक माने।

(२) संग्रहनयके मतमें सामायिकका उपकरण लेकर स्थान प्रतिलेखन जब किया गया तवही सामायिक माने।

(३) व्यवहारनयके मतमें सावध (सावज) जोगका जब परित्याग (पचखान) किया तवही सामायिक माने।

(४) ऋजुसुत्रनयके मतमें जब मन, वचन, कायाके जोग शुभ वर्तन लगे तवही सामायिक माने।

(५) शब्दनयके मतमें जव जीवको वा अजीवको सम्यक प्रकारसे जाण लिया फिर अजीवसे ममत्व भावको दूर कर दिया तव ही सामायिक माने ।

(६) समभिरूढ़नयके मतमें शुद्ध आत्माका नामही सामायिक हैं, (केवल ज्ञानने सामायिक माने) ।

(७) एवंभूतनयके मतमें शुद्ध-आत्मा शुद्ध-उपयोग युक्त सामायिक वाला होता है, ऐसा माने ।

॥ पाठान्तर ॥

॥ सामायिक पर सात नय ॥

(१) नैगमनय वालो सामायिक करनेका परणाम होनेसे सामायिक मानें ।

(२) संग्रह नयवालो सामायिकका उपकरण से सामायिक मानें ।

(३) व्यवहार नयवालो सामायिक दंडक उच्चारण करणेसे सामायिक मानें।

(४) ऋजुसुत्रनय ४८ मिनिट सामायिकमां परिणाम राखे तो सामायिक मानें।

(५) शब्दनय वालो क्षायिक समकीतवालाने सामायिक मानें।

(६) समभिरूढ़नय वालो केवल ज्ञानने सामायिक मानें।

(७) एवंभूतनय वालो सकल कर्म रहित सिद्धोंकुं सामायिक मानें।

॥ दृष्टांत चौथो धर्म ऊपर ॥

सात नयसे माना हुवा धर्म-शब्द सिद्ध करते हैं; नैगम नय एक अंशमात्र वस्तुके स्वरुपको देखकर सब वस्तुको ही स्वीकार करता है, जैसे कि नैगमनय सर्व मतोंके धर्मों को ठीक मानता है, क्योंकि नैगमनयका मत

है, कि सर्व धर्म मुक्तिके साधनकेवास्ते ही है ॥१॥ और संग्रहनय जो पूर्वज पुरुषोंकी रूढ़ी चली आती है उसको ही धर्म कहता है, क्यों कि उसका मन्तव्य है, कि पूर्व पुरुष हमारे अज्ञान नहीं थे, इसलिये उन्हींकी परंपराके ऊपर चलना हमारा धर्म है। इस नयके मतमें कुलाचारको ही धर्म माना है ॥२॥ व्यवहार नयके मतमें धर्मसे ही सुख उपलब्ध होता है और धर्म ही सुख करनेवाला है, इस प्रकारसे धर्म माना है, क्योंकि व्यवहार बाहिर सुख-रूप करणीको धर्म माना है ॥३॥ ऋजुसूत्र नय वैराग्य-रूप भावको ही धर्म कहता है। सो यह भाव मिथ्यात्वीको भी हो सकता है। अभव्यवत् ॥४॥ शब्दनय शुद्ध धर्म सम्यक्त पूर्वक ही मानता है, क्योंकि सम्यक्त ही धर्म का मूल है। सो यह चतुर्थ गुणस्थानवर्ती जीवोंको धर्मी कहता है ॥५॥ संभिरूढ़ नयके

(३) व्यवहार नयवालो सामायिक दंडक उच्चारण करणेसे सामायिक मानें।

(४) ऋजुसुत्रनय ४८ मिनिट सामायिकमां परिणाम राखे तो सामायिक मानें।

(५) शब्दनय वालो क्षायिक समकीत-वालाने सामायिक मानें।

(६) समभिरूढ़नय वालो केवल ज्ञानने सामायिक मानें।

(७) एवंभूतनय वालो सकल कर्म रहित सिद्धोंकुं सामायिक मानें।

॥ दृष्टांत चौथो धर्म ऊपर ॥

सात नयसे माना हुवा धर्म-शब्द सिद्ध करते हैं; नैगम नय एक अंशमात्र वस्तुके स्वरुपको देखकर सब वस्तुको ही स्वीकार करता है, जैसे कि नैगमनय सर्व मतोंके धर्मों को ठीक मानता है, क्योंकि नैगमनयका मत

है, कि सर्व धर्म मुक्तिके साधनकेवास्ते ही है ॥१॥ और संग्रहनय जो पूर्वज पुरुषोंकी रूढ़ी चली आती है उसको ही धर्म कहता है, क्यों कि उसका मन्तव्य है, कि पूर्व पुरुष हमारे अज्ञान नहीं थे, इसलिये उन्हींकी परंपराके ऊपर चलना हमारा धर्म है। इस नयके मतमें कुलाचारको ही धर्म माना है ॥२॥ व्यवहार नयके मतमें धर्मसे ही सुख उपलब्ध होता है और धर्म ही सुख करनेवाला है, इस प्रकारसे धर्म माना है, क्योंकि व्यवहार वाहिर सुख-रूप करणीको धर्म माना है ॥३॥ ऋजुसुत्र नय वैराग्य-रूप भावको ही धर्म कहता है। सो यह भाव मिथ्यात्वीको भी हो सकता है। अभव्यवत् ॥४॥ शब्दनय शुद्ध धर्म सम्यक्त पूर्वक ही मानता है, क्योंकि सम्यक्त ही धर्म का मूल है। सो यह चतुर्थ गुणस्थानवर्ती जीवोंको धर्मी कहता है ॥५॥ संभिरूढ़ नयके

मतमें जो आत्मा सम्यग् ज्ञान-दर्शन-चारित्र-युक्त उपादेय वस्तुओंको ग्रहण और हेय त्यागने योग्य पदार्थोंका परिहार, ज्ञेय जानने योग्य पदार्थोंको भली प्रकार जानता है पर गुणसे सदैव काल ही भिन्न रहनेवाला ऐसा जो आत्मा मुक्तिका साधक है, उसको ही धर्मी कहता है ॥६॥ एवंभूत नयके मतसे जो शुद्ध आत्मा कर्मोंसे रहित शुक्ल-ध्यान-पूर्वक जहांपर घातिय कर्मोंसे रहित आत्मा, ऐसे जानना कि आघातिये कर्म नष्ट हो रहे हैं उसका ही नाम धर्मी है ॥७॥

पाठान्तर।

॥ धर्म ऊपर सात नय उतारते हैं ॥

(१) नैगमनय वालो धर्म नामने धर्म माने।

(२) संग्रहनय वालो कुल आचारने धर्म माने।

(३) व्यवहारनय वालो पुण्यकी करनीनें धर्म मानें ।

(४) ऋजुसुत्रनय वालो अनित्य भावनें धर्म मानें (एणे भवी अभवी दोनो कुं मान्या)।

(५) शब्दनय वालो क्षायक समकित कुं धर्म मानें ।

(६) समभिरूढ़नय वालो स्वसत्ता परसत्ता जीवादी जाणके पर वस्तुका त्याग स्व-वस्तुमें रमण करनेवाले कुं धर्म मानें । अर्थात् क्षपक श्रेणी वाला कुं धर्म मानें ।

(७) एवंभूतनय वालो सकल कर्म-रहित सिद्ध अवस्था कुं धर्म मानें ।

॥ दृष्टान्त पांचमां बांण ऊपर ॥

(१) नैगमनय वालो किसी आदमी कुं बाण लागो तब बाणका दोप निकाले ।

(२) संग्रहनय वालो बांण फेंकने वालेका दोष निकाले।

(३) व्यवहारनय वालो ग्रह-गोचरका दोष निकाले।

(४) ऋजुसुत्रनय वालो आपना कर्मका दोष निकाले।

(५) शब्दनय वालो आपना जीव सुख दुःख बांध्या इस वास्ते जीवका दोष निकाले।

(६) समभिरुढ़ नय वालो भवितव्यता (ज्ञानीने ऐसाज भाव देखा था) ऐसा माने।

(७) एवंभूतनय वालो जीवने तो सुख दुःख है नहीं जीव सदा सुखी सच्चिदानन्द निर्मल आत्मा है ऐसा माने।

॥ दृष्टान्त छठो राजा ऊपर ॥

(१) नैगमनय वालो हाथ पगमें शुभ लक्षण वा शुभ रेखा देखीने राजा माने।

(२) संग्रहनय वालो राजकुलमें उत्पन्न होनेसे राजा माने ।

(३) व्यवहारनय वालो युवराज कुं राजा माने ।

(४) ऋजुसुत्रनय वालो राजकार्यमें उपयोग प्रवर्त्तने से राजा माने ।

(५) शब्दनय वालो राजतख्त ऊपर बैठे-हुयेको राजा माने ।

(६) समभिरूढ़नय वालो राज अवस्थाकी पर्याय प्रवर्तन-रूप कार्य करनेसे राजा माने ।

(७) एवंभूतनय वालो पुर्ववत् राजाकी सब लोक आज्ञा परमाण करे, उपयोग सहित राज भोगवे उसकुं राजा माने ।

॥ दृष्टान्त सातमो जीव ऊपर ॥

किसीने प्रश्न किया कि सातनयके मतसे जीव किस प्रकारसे सिद्ध होता है ? तो उसका

उत्तर यह है कि, सात नय जीवको इस प्रकार से मानते हैं, जैसे कि नैगमनयके मतसे गुण पर्याय-युक्त जीव माना है और जो शरीरमें धर्मादि-द्रव्य हैं वे भी जीव संज्ञक कही है ॥१॥ संग्रह नयके मतसे असंख्यात प्रदेश-रूप जीव द्रव्य माना गया है, जिसमें आकाश द्रव्यको वर्जके शेष द्रव्य जीवं-रूपमें ही माने गये हैं ॥२॥ व्यवहारनयके मतसे जिसमें अभिलाषा, तृष्णा, वासना है उसका ही नाम जीव है, इस नयने लेश्या योग इन्द्रियें धर्म इत्यादि जो जीवसे भिन्न है, इनको भी जीव माना है, क्योंकि जीवके सहचारी होनेसे ॥३॥ ऋजुसुत्रनयके मतसे उपयोग-युक्त जीव माना गया है। इसमें लेश्या योगादिकको दूर कर दिया है ; किन्तु उपयोग शुद्ध ज्ञान-रूप अशुद्ध अज्ञान दोनोंको ही जीव माना है ; क्योंकि मिथ्यात्व मोहनी-कर्म-पूर्वक जीव सिद्ध कर

दिया है ॥४॥ और शब्दनयके मतसे जो तीन कालमें शुद्ध उपयोग-पूर्वक है वही जीव है; अपित्र (इसलिये) सम्यक्त मोहनी-कर्मकी वर्गना इस नयने शुद्ध उपयोग अर्थ ग्रहण कर लिया ॥५॥ समभिरूढ़नयके मतसे जिसकी शुद्ध-रूप सत्ता है और स्व-गुणमें ही मग्न है; ज्ञायक सम्यक्त पूर्वक जिसने आत्माको जान लिया है उसका नाम जीव है, इस नयके मतमें कर्म संयुक्त ही जीव है ॥६॥ एवंभूतनयके मतसे शुद्ध-आत्मा, केवल-ज्ञान, केवल-दर्शन-संयुक्त, सर्वथा कर्म रहित, अजर-अमर, सिद्ध-बुद्ध, पारगत इत्यादि नाम-युक्त सिद्ध आत्माको ही जीव माना है ॥७॥ इस प्रकार सातनय जीव को माना है ।

॥ दृष्टान्त आठमो सिद्ध ऊपर ॥

सिद्ध शब्दका वर्णन---नैगम नयके मतमें

जो आत्मा भव्य हैं वे सर्वही सिद्ध हैं, क्योंकि उनमें सिद्ध होनेकी सत्ता है ॥१॥ संग्रहनयके मतसे सिद्ध संसारी-जीवोंमें कुछ भी भेद नहीं है, केवल सिद्ध आत्मा कर्मोंसे रहित हैं; संसारी जीव कर्मोंसे संयुक्त है ॥२॥ व्यवहार नयके मतसे जो विद्या सिद्ध हैं व लब्धि-संयुक्त हैं और लब्धि द्वारा अनेक कार्य सिद्ध करते हैं, वेही सिद्ध हैं ॥३॥ ऋजुसुत्रनय जिसको सम्यक्त प्राप्त है और अपनी आत्माके स्वरूपको सम्यक्त प्रकारसे देखता है, उसका ही नाम सिद्ध है ॥४॥ शब्दनयके मतसे जो शुक्लध्यान पर आरूढ़ है और कष्टको सम्यक प्रकारसे सहन करना, गज सुखमालवत्, उसका ही नाम सिद्ध है ॥५॥ संभिरूढ़ नयके मतसे जो केवल-ज्ञान, केवल-दर्शन, सम्पन्न १३ वें व १४ वें गुणस्थानवर्ती जीव हैं उनकाही नाम सिद्ध है ॥६॥ एवंभूतनयके मतसे जिसने सर्व

कर्मोंको दूर कर दिया है, केवल-ज्ञान केवल-दर्शन संयुक्त लोकाग्र में विराज मान हैं, ऐसे सिद्ध-आत्माको ही सिद्ध माना गया है, क्योंकि सकल कार्य उसीका ही आत्माके सिद्ध हैं ॥७॥

इत्यादिक सर्व पदार्थ ७ नयकरी प्रमाण कीजै ।

ए ७ नय माने ते सम्मदृष्टि। एक नय माने और छव नय न माने, दोय नय माने और पांचनय न माने, ऐसे जावत छव नय माने और एक नय न माने ते मिथ्या दृष्टि।

॥ दुजो निक्षेपा द्वार ॥

निक्षेपाका च्यार भेद (१) नाम (२) स्थापना (३) द्रव्य (४) भाव।

(१) नाम निक्षेपाका तीन भेद (१) यथार्थ नाम (२) अयथार्थ नाम (३) अर्थशून्य नाम।

(१) यथार्थ नाम उसको कहिये जैसा जिसका नाम वैसा उसमें गुण होय जैसे जीव को नाम हंस जीव को नाम चैतन्य, जीवको नाम आत्मा, जीवको नाम प्राणी भूत इत्यादि जीवको विनय, जीवको वेदना। जो नाम है वैसा उसमें गुण है।

(२) अयथार्थ नाम उसको कहिये जिसमें ...सा गुण न होय जैसे ... माणक-

लाल, पन्नालाल, हीरालाल मोतीलाल, फूसाराम, धूलीराम ; वाईजातमें, केसरवाई कस्तुरीवाई इत्यादि ।

(३) अर्थ शून्य नाम उसको कहिये जिसका अर्थ न होय जैसे--छींक, उवासी, खांसी, हांसी, गाय की रम्भावना वाजिंत्रको शब्द वगैरे इसका कुछ अर्थ नहीं होता है ॥

(२) स्थापना निक्षेपका दोय भेद (१) सद्भाव स्थापना (२) असद्भाव स्थापना।

(१) सद्भाव स्थापना किसको कहिये ? सरीखी मूर्ति, सरीखो आकार (च्यार भूजाकी मूर्त्ति च्यार भूजाको आकार) पोठीयाकी मूर्ति और पोठीयाको आकार।

(२) असद्भाव स्थापना किसको कहिये ? कोई गोलमटोल पत्थर लेकर उसको सिन्दुर तवक, मालीपाना लगाकर कहे कि ये म्हारा भेरु जी है, अथवा कोई पांच पचेटा (पांचीका)

रखकर कहेके ये म्हारी सीतला माता है।

सद्भाव स्थापना का १० भेद।

(१) कंठक मेवा (कष्टकी) (२) चित्तक (चित्रकी) (३) पोतक मेवा (पोत चीडकी) (४) लेपक मेवा (मांडणेकी) (५) पुरी मेवा (भरत) (६) वेड़ी मेवा (छेद कोरके कोरणी करे) (७) गंठी मेवा (डोर प्रमुखमें गांठ लगाय कर) (८) संघाह मेवा (किसी वस्तुका संयोग मिलाय कर) (९) अखेवा (अकस्मात् कोई वस्तु पडनेसे आकार वन जाय तथा चावल जमायके) (१०) वराडेवा (वस्त्र, शंख) ये दश सद्भाव स्थापना,

असद्भाव स्थापनाका दस भेद पूर्व कह्या मुताबिक।

एवं वीस हुवे ये वीस एक जीव आश्री

और ये ही वीस वहू जीव आश्री एवं चालीस हुया जैसे कि सद्भाव स्थापना एक जीव आश्री १० वहू जीव आश्री १० ए वीस असद्भाव स्थापना; एक जीव आश्री १० वहू जीव आश्री १० ए वीस; एवं ४० प्रकारकी स्थापना।

(३) द्रव्य निक्षेपाका दोय भेद (१) आगम (२) नो आगम।

आगम केहता:---शब्दादिक का अर्थ उपयोग रहित शून्य-चित्त से करे, शास्त्र भणे पण अर्थ न समझे।

नोआगमरा तीन भेद (१) जाणग शरीर (२) भव्य शरीर (३) जाणग भव्यव्यक्ति-रक्त शरीर।

जाणगशरीर केहता--कोई एक श्रावक आवसक प्रतिक्रमणका जाण काल प्राप्त हुयो उसका शरीरको देखके कहे के आ श्रावक आवसक जानता था, आवसक करता था

यथा दृष्टांत,—घी कुम्भ आश्रित अने मधु कुम्भ आश्रित ए घी का घट (घड़ा) था मधुका घट था।

भव्य शरीर कहता--- जैसे किसी श्रावक के पुत्र जन्मा, उसीको किसी विद्वान देखके कहा के ए आवसक करेगा, भणेगा और जाणेगा, जैसे घी कुम्भ भविष्यति मधु कुम्भ भविष्यति, घीका घट होगा, मधुका घट होगा।

जाणग भव्यव्यक्ति-रक्त शरीरका तीन भेद (१) लौकिक (२) लोकोत्तर (३) कुपरावचन।

लौकिक केहता—जैसा कोइ राजेश्वर, तलवर, मांडवी, कौडवी, शेठ, सेनापति आदि, प्रात समय स्नान मञ्जन करके राजसभामें जावे (अर्थात् नित आवश्यक कार्य करवा जोग करै जिसको लौकिक द्रव्य आवश्यक कहा जाता है)।

लोकोत्तर—जेइमें (जे लोकोमें) समण गुण मुक्का, (जे साधु गुण रहित जोग)।

छकाय निराणुकंपा—छव कायकी दया रहित।

हयाइव उदंमा—घोड़े जैसा उन्मत्त (तोफानी)।

गयाइव निरंकुश—हाथी जैसा निरंकुशी याने अंकुश रहित।

घट्टा—शरीरकी सुश्रपा करे।

मठा (मठालंवी) तिपुठा— तप-रहित।

पाडुरपट पउरणा---स्वच्छ वस्त्रके धारी।

जिणाणं—आणा आण रहित, जिण आज्ञा विराधिक भगवानकी आज्ञा रहित।

उभय कालं आवसग ठाव ति---दोनों वक्त प्रतिक्रमण करे।

ए लोकोत्तर द्रव्य आवसग है उसको लोकोत्तर द्रव्य आवसक कहीजे।

छव कायकी अनुकंपा, उभयकालो आवसक ठयंती (छकायनिरणुकंपा जिणाणमणाणाए उभओकालं आवसक ठयंति जिसको लोकोत्तर द्रव्य आवसक कहा जाता है ।

कुपरावचन केहता—कोई चखचिरिआ (वाकलके वस्त्र पहननेवाले), चरमखंडीया (मृगादिका चर्म रखने वाले), पांडुरंगा (भगवा वस्त्र पहनेवाले) पासदंता, इन्द्रसभामें, खंधसभामें, यक्षसभामें, भूतसभामें जावे सुवहमें उठ करके, स्नान करके, धूप-दीप करके, तीलक छापा करके पीछे भोजन करे उसको कुपरावचन द्रव्य आवसक कहते हैं ।

चोथो भावनिक्षेपाका दोय भेद—(१) आगमथकी (२) नोआगमथकी ।

आगमथकी कहता---शब्दादिक के अर्थ उपयोग सहित करे ।

नोआगमथकीरा ३ भेद---(१) लौकिक

(२) लोकोत्तर (३) कुपरावचन ।

लौकिक कहता---जो कोई रायवां, तलवर, माडंबी, कोड़बी, इब्भसेठी सेनापति सवेरे तो उपयोग सहित भारत और रामको रामायण, सांभले, उसको लौकिक भाव आवसक कहते हैं।

लोकोत्तर कहता--जो कोई साधु, साधवी, श्रावक, श्राविका, तइमने, तहचित्ते, तहलेशाय, तहभ्रुसियं (अध्यवसाय) दोय वखत आवसक प्रतिक्रमण (आवसक ठयंती) शुद्ध उपयोग सहित करे, उसको लोकोत्तर भाव आवसक कहते हैं।

कुपरा वचन कहता---कोई चखचिरिया, चरमखंडिया, पांडुरगा, पासडंता सवेरमें उठ कर स्नान करे, धूप-दीप करे, तिलक छापा करे और ओंकार शब्द उपयोग सहित पोपण करके भोजन करे उसको कुपरावचन भाव आवसक कहते हैं।

यह ४ चार निक्षेपा नव तत्व ऊपर उतारते हैं ।

॥ १ जीव-तत्व ॥

(१) नाम निक्षेपे--जीव ऐसा नाम, सो नाम निक्षेपो, अजीवका नाम जीव रखे तो भी नाम निक्षेपाके अनुसारसे उसे जीव ही माना जाय ।

(२) स्थापना निक्षेपे---चित्राम प्रमुखकी स्थापना करे सो स्थापना निक्षेपो ।

(३) द्रव्य निक्षेपे---षट द्रव्यमेंसे जो जीव द्रव्य असंख्यात प्रदेशवंत हैं सो द्रव्य-निक्षेपो ।

(४) भाव निक्षेपे--(१) उदय, (२) उपशम, (३) क्षायक, (४) क्षयोपशम, (५) प्रणामिक ।

इन ५ भावमें प्रवर्त्ते सो भाव निक्षेपो इन पांच भाव निक्षेपेकी ५३ प्रकृति।

(१) उदय भावकी २१ प्रकृति---

गति ४, लेश्या ६, कषाय ४, वेद ३, असिद्ध १, अन्नाणी १, अवृति १, मिथ्यात्वी १, यह २१ प्रकृति।

(२) उपसम भावकी २ प्रकृति---

उपशमसम्यक्त और उपशमचारित्र ये दोय।

(३) क्षायककी ६ प्रकृति---

दानांतराय आदि पांच अंतरायका क्षय ५, केवल ज्ञान १, केवल दर्शन १, क्षायक सम्यक्त १, क्षायिकचारित्र १, यह नव।

(४) क्षयोपशमकी १८ प्रकृति---

ज्ञान ४ पहला, अज्ञान ३, दर्शन ३ पहला, अंतराय ५, और क्षयोपशमचारित्र १, क्षयोपशमसमकित १, संयमासंयम १, यह अठारह प्रकृति।

(५) प्रणामिकको ३ प्रकृति---
(१) भव्य प्रणामि (२) अभव्य प्रणामि
(३) जीव प्रणामि।
यह पांच भाव निच पेकी ५३ प्रकृति हुई।

अब पांच भावके भेद :—
(१) उदय भावके २ भेद--(१) उदय और (२) उदयनिष्पन्न।
पहला—उदय सो तो आठ कर्मोंका जाणना।

दूसरा—उदयनिष्पन्नके दोय भेद—
जीव उदय, अजीव उदय।

जीव उदयके २१ भेद—
गति ४, लेश्या ६, कषाय ४, काया ६, वेद ३, मिथ्यात्व १, अव्रत १, अज्ञाणी १, असन्नी १, अहारथा १, संसारथा १, असिद्धा १, अकेवली १, यह २१ भेद।

अजीव उदयके ३० भेद—
शरीर ५, शरीरके प्रणमें पुद्गल ५, वर्ण

५, गंध २, रस ५, और स्पर्श ८, यह ३० भेद।

(२) उपशम भावके २ भेद---

उपशम और उपशमनिष्पन्न।

उपशम--८ कर्मोंको ढके हुये को जाणना।

उपशमनिष्पन्न के ११ भेद—

कषाय ४, रागद्वेष १, दर्शनमोह १, चारित्रमोह १, दर्शनलब्धि १, चारित्र लब्धि १, छद्मस्थ १ और वीतरागी १, यह ११ भेद।

(३) क्षायक भावके २ भेद---

क्षय और क्षयनिष्पन्न।

(१) क्षय—आठ कर्मोंका क्षय।

(२) क्षय निष्पन्नके ३७ भेद---

ज्ञानावरणी ५, दर्शनावरणी ६, वेदनी २, मोहनी ८ (क्रोध, मान, माया, लोभ, राग, द्वेष, दर्शनमोह, चारित्रमोह), ४ गतिका आयुष्य, नाम २, गोत्र २, अंतराय ५, यह

३७ प्रकृतिको चीण करे सो चायक भावके चय निष्पन्न।

चयोपसमके २ भेद—

(१) चयोपशम, (२) चयोपशम निष्पन्न।

चयोपशम---८ कर्मोंका चयोपशम।

(२) चयोपशम निष्पन्न के ३० भेद—

ज्ञान ४, अज्ञान ३, दर्शन ३, दृष्टि ३, चारित्र ४, पहला, लब्धी ५, पंच इन्द्रीकी चरिताचरित्र१, श्रावकपणा १, आचार्य्यपद १, दानादिक लब्धी, ५ (पूर्वधर आचार्य्य द्वादशांगी जाण) यह ३० भेद।

प्रणामिक भावके २ भेद---

सादीय और अणादीय।

सादीयके अनेक भेद---

जैसे---जूना सूरा, जूना घीया, जूना तंदूल, अजो, अजरूखा, गंधर्व, नागराय, उल्कापात, दिशिदाहा, गर्जारव विजली, निग्घाय, बाल-

चन्द्र, यक्षचिन्ह, धुंवर, ओस, रजघात, चन्द्रग्रहण, सूर्य्यग्रहण, चन्द्रप्रतिवेश, प्रतिचन्द्र, प्रतिसूर्य्य, इन्द्र धनुप, उदकमच्छ, अमोह, वर्षाद, वर्षकी धारा, ग्राम, नगर, पर्वत, पाताल, कलशा, नरकवास, सात नरक, भवन, सुधर्मादेवलोक, जावत इस्सी पभारा; मुक्त सिला, प्रमाणु पुद्गल जावत अनंत प्रदेशी खंध, इन सबको शादीय प्रणामिक कहना।

अब अणादीय प्रणामिकके अनेक भेद जैसे---धर्मास्ति, अधर्मास्ति, जाव, अधासमय लोक, अलोक, भव सिद्धिय, अभव सिद्धिय इत्यादि इति ५ भाव, इन भावोंमें प्रणाम प्रवर्त्ते तव भाव निक्षेपे जीव तत्वपर लागु होता है।

॥ २ अजीव तत्व ॥

(१) नाम निक्षेपेसे अजीव ऐसा नाम

सो नाम निक्षेपो, (२) स्थापना निक्षेपसे अजीवकी स्थापना कर अजीवका स्वरूप बतावे सो स्थापना निक्षेपो, (३) द्रव्य निक्षेपसे धर्मास्तिका चलण, अधर्मास्तिका स्थिर, अकाश का अवकाश; कालका वर्तमान, पुद्गलका वर्णादि इत्यादि द्रव्यका स्वभावसो द्रव्य निक्षेपो, (४) भावनिक्षेपसे पूर्वोक्त पांचही द्रव्यके सद्भाव-रूप गुण है उसे भाव निक्षेपो कहते हैं ।

॥ ३ पुण्य तत्व ॥

(१) नाम निक्षेपसे पुण्य ऐसा नाम सो नाम निक्षेपो, (२) स्थापना अक्षरादि स्थापे सो स्थापना निक्षेपो (३) द्रव्य निक्षेपे शुभ प्रकृतिकी वर्गणा जीव प्रदेशके साथ प्रणमे सो द्रव्य निक्षेपो, (४) भाव निक्षेपसे पुण्य प्रकृतिके उदयसे जीव हर्ष आह्लाद साता वेदे

सो भावनिक्षेपो।

॥ ४ पाप तत्व ॥

(१) नाम निक्षेपेसे पाप ऐसा नाम सो नाम निक्षेपो (२) स्थापना निक्षेपेसे अक्षरादि स्थापके बतावे सो स्थापना निक्षेपो, (३) द्रव्य निक्षेपेसे अशुभ कर्मकी वर्गणा द्रव्यपणें प्रगमें सो द्रव्य निक्षेपो, (४) भाव निक्षेपेसे पापके उदयसे जीव दुःख वेदे सो भाव निक्षेपो।

॥ ५ आश्रव तत्व ॥

(१) नाम निक्षेपेसे आश्रव ऐसा नाम सो नाम निक्षेपो, (२) स्थापना निक्षेपेसे अक्षरादि स्थापना सो स्थापना निक्षेपो (३) द्रव्य निक्षेपेसे मिथ्यात्वादि प्रकृति तथा नाम और मोह कर्मकी प्रकृति आत्मके साथ लोली-भूत हो कर कर्म शक्ति सहित पुद्गल ग्रहण

करे उन प्रयोगसे पुद्गलका द्रव्याश्रव यह द्रव्य निक्षेपो, (४) भाव निक्षेपेसे मिथ्यात्वादिक प्रकृतिका उदय होय जीवके भाव परिणाममें सो भाव निक्षेपो ।

॥ ६ संवर तत्व ॥

(१)नाम निक्षेपे संवर ऐसा नाम सो नाम निक्षेपो (२) स्थापना निक्षेपे से अक्षरादि स्थापे सो स्थापना निक्षेपो (३) द्रव्य निक्षेपेसे सम्यक्त्वादि व्रत धारकर आश्रव रोके सो द्रव्य निक्षेपो (४) भाव निक्षेपेसे आत्माका अकंपपणा देशथकी तथा सर्वथकी होय सो भाव निक्षेपो ।

॥ निर्जरा तत्व ॥

(१-२) नाम और स्थापना तो पूर्ववत् (३) द्रव्य निक्षेपेसे जीवके प्रदेशसे कर्म पुद्गल

खिरे सो, (४) भाव निक्षेपेसे आत्मा निर्मल हो कर ज्ञान लब्धी क्षयोपशम लब्धी, क्षायक लब्धी इत्यादि लब्धी प्रगटे सो भाव निक्षेपो ।

॥ ८ बंध तत्व ॥

(१-२) नाम और स्थापना पूर्ववत्, (३) द्रव्य निक्षेपेसे कर्म वर्गणाके पुद्गल आत्मप्रदेशसे बंधे सो, (४) भाव निक्षेपेसे मद्यपान जैसी, बंधकी छाक चढ़े सो भाव निक्षेपो ।

॥ ९ मोक्ष तत्व ॥

(१-२) नाम और स्थापना पूर्ववत्, (३) द्रव्य निक्षेपेसे जीवका निर्मल पणा, (४) भाव निक्षेपेसे आत्माके निज गुण क्षायिक समकित केवल ज्ञान सो भाव निक्षेपो ।

इति ४ निक्षेपा ९ तत्व ऊपर उतारया सो समास ।

॥ तीजो द्रव्य, गुण, पर्याय ॥

द्रव्य केहता---(१) जीव द्रव्य (२) अजीव द्रव्य।

गुण केहता--ज्ञानादिक।

पर्यायका दोय भेद—

(१) आत्मभावी (२) कर्मभावी।

आत्मभावी केहता—ज्ञान, दर्शन अने चारित्र।

कर्मभावी केहता--नरकादिक च्यार गति।

॥ चोथो द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव ॥

द्रव्य केहता—षट द्रव्य (छव द्रव्य)

क्षेत्र केहता—लोक अकाश प्रदेश।

काल केहता—समय आवलकादिक जाव पुद्गल परावर्तन सुधी।

भाव का तीन भेद—

(१) स्वभाव (२) गुण (३) पर्याय, स्वभाव तो वस्तुको स्वभाव, गुण जाण पणो, पर्याय पलटे।

॥ पांचमो द्रव्य ने भाव ॥

द्रव्यथी जीव शाश्वतो छै।

भावथी जीव अशाश्वतो छै, जैसे किसी भमरे ने काष्ट कोर्यु ते कोरनीमें कक्को [क] कोराणो पण भमरो नहीं जाणेके में कक्को [क] कोर्यु, स्वभावे कक्को [क] कोराणो, कोई पंडित पुरुष आवी कक्को [क] देख्यो और कके [क]

की पर्याय ओलखी ने कह्यो के यह ककाे [क] अक्षर छै, भमरेके लिये द्रव्य ककाे [क] है और पंडित के लिए भाव ककाे [क] है।

॥ छठो कारण कार्य ॥

कारण है सो कार्यकुं प्रकट करनेवाला है, जैसे कुंभार घट बनाना चाहे तो दंड, चक्रादि होनेसे घट वन सकता है; जैसे किसी साहुकार को रत्नद्वीप जाणा है, बीचमें समुद्र आया तब नावमें बैठकर रत्नद्वीप जा सकता है, रत्नद्वीप जाना ए कार्य है और नाव कारण है।

॥ सातमो निश्चय, व्यवहार ॥

निश्चयमें अग्नि बले, व्यवहारमें घर बले।

निश्चयमें तेल जले, व्यवहारमें दीपक जले ।
निश्चयमें आप आवे है, व्यवहारमें गाम आयो ।
निश्चयमें पाणी चूवे, व्यवहारमें घर चूवे ।
निश्चयमें पाणी पड़े, व्यवहारमें परनाल पड़े ।
निश्चयमें वैल चाले, व्यवहारमें गाडी चाले ।
निश्चयमें जीव जीवे, व्यवहारमें जीव मरे ।

आठमो उपादान, निमित्त ।

उपादान गायको, निमित्त गवालियेको, जब दूधकी प्राप्ति हुई ।

उपादान दूधको, निमित्त खटाइ (जावण) को, जब दहीकी प्राप्ति हुई ।

उपादान दहीको, निमित्त विलोवणेको, जब माखनकी प्राप्ति हुई ।

उपादान माखनको, निमित्त अग्निको जब घी की प्राप्ति हुई।

उपादान मट्टीको, निमित्त कुम्हारको, जब घड़ेकी प्राप्ति हुई।

उपादान शिष्यको, निमित्त मिल्यो गुरुको, जब ज्ञानकी प्राप्ति हुई।

उपादान भव्य जीवको, निमित्त ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तपको, प्राप्ति हुई मोक्षकी।

॥ नवमो प्रमाण द्वार ॥

(श्रीजैन सिद्धान्त प्रवेशिकासे उद्धृत)।

प्रमाण किसको कहते हैं ?

सच्चे ज्ञानको प्रमाण कहते हैं।

प्रमाणके कितने भेद हैं ?

दो भेद हैं, एक प्रत्यक्ष और दूसरा परोक्ष।

प्रत्यक्ष किसको कहते हैं?

जो पदार्थको स्पष्ट जाने

प्रत्यक्षके कितने भेद हैं?

दो भेद हैं—एक सांव्यवहारिकप्रत्यक्ष दूसरा पारमार्थिकप्रत्यक्ष।

सांव्यवहारिकप्रत्यक्ष किसको कहते हैं?

जो इन्द्रिय और मनकी सहायतासे पदार्थको एकदेश स्पष्ट जाने।

पारमार्थिकप्रत्यक्ष किसको कहते हैं?

जो बिना किसीकी सहायताके पदार्थको स्पष्ट जाने।

पारमार्थिकप्रत्यक्षके कितने भेद हैं?

दो भेद हैं—एक विकलपारमार्थिक दूसरा सकलपारमार्थिक।

विकलपारमार्थिकप्रत्यक्ष किसको कहते हैं?

जो रूपी पदार्थोंको बिना किसीकी सहायताके स्पष्ट जाने।

विकलपारमार्थिकप्रत्यक्षके कितने भेद हैं?

दो भेद हैं—एक अवधिज्ञान दूसरा मनःपर्ययज्ञान।

अवधिज्ञान किसको कहते हैं?

द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावकी मर्यादा लिये जो रूपी पदार्थको स्पष्ट जाने।

मनःपर्ययज्ञान किसको कहते हैं ?

द्रव्यक्षेत्रकालभावकी मर्यादा लिये हुए जो दूसरेके मनमें स्थित हुए रूपी पदार्थको स्पष्ट जानै।

सकलपारमार्थिकप्रत्यक्ष किसको कहते हैं ?

केवल ज्ञानको।

केवलज्ञान किसे कहते हैं ?

जो त्रिकालवर्त्ती समस्त पदार्थोंको युगपत् (एकसाथ) स्पष्ट जाने।

परोक्षप्रमाण किसे कहते हैं ?

जो दूसरेकी सहायतासे पदार्थको स्पष्ट जानै।

परोक्ष प्रमाणके कितने भेद हैं ?

पांच हैं—स्मृति, प्रत्यभिज्ञान, तर्क, अनुमान और आगम।

स्मृति किसको कहते हैं ?

पहिले अनुभव किये हुए पदार्थके याद करनेको स्मृति कहते

प्रत्यभिज्ञान किसको कहते हैं ?

स्मृति और प्रत्यक्षके विषयभूत पदार्थोंमें जोड़रूप ज्ञान प्रत्यभिज्ञान कहते हैं। जैसे—यह वही मनुष्य है, जिसे देखा था।

प्रत्यभिज्ञानके कितने भेद हैं ?

एकत्वप्रत्यभिज्ञान, सादृश्यप्रत्यभिज्ञान आदि अनेक भेद हैं

एकत्वप्रत्यभिज्ञान किसको कहते हैं ?

स्मृति और प्रत्यक्षके विषयभूत पदार्थमें एकता दिखाते हुए जोड़रूप ज्ञानको एकत्वप्रत्यभिज्ञान कहते हैं। जैसे—यह वही मनुष्य है, जिसे कल देखा था।

सादृश्यप्रत्यभिज्ञान किसको कहते हैं ?

स्मृति और प्रत्यक्षके विषयभूत पदार्थमें सादृश्य दिखाते हुए जोड़रूप ज्ञानको सादृश्यप्रत्यभिज्ञान कहते हैं। जैसे—यह गौ गवयके (रोझके) सदृश है।

तर्क किसको कहते हैं ?

व्याप्तिके ज्ञानको तर्क कहते हैं।

व्याप्ति किसको कहते हैं ?

अविनाभावसंबन्धको व्याप्ति कहते हैं।

अविनाभावसंबंध किसको कहते हैं ?

जहां २ साधन (हेतु) होय, वहां २ साध्यका होना और जहां २ साधन नहीं होय, वहां २ साधनके भी न होने को अविनाभावसंबंध कहते हैं। जैसे—जहां जहां धूम है, वहां २ अग्नि है और जहां २ अग्नि नहीं है, वहां २ धूम भी नहीं है।

साधन किसको कहते हैं ?

जो साध्यके विना न होवे। जैसे—अग्निका हेतु (साधन) धूम।

साध्य किसको कहते हैं ?

इष्ट अबाधित असिद्धको साध्य कहते हैं।

इष्ट किसको कहते हैं ?

वादी और प्रतिवादी जिसको सिद्ध करना चाहें उसको इष्ट कहते हैं।

अबाधित किसको कहते हैं ?

जो दूसरे प्रमाणसे बाधित न हो। जैसे—अग्निका ठंढापन प्रत्यक्षप्रमाणसे बाधित है, इस कारण यह ठंढापन साध्य नहीं हो सकता।

असिद्ध किसको कहते हैं ?

जो दूसरे प्रमाणसे सिद्ध न हो, उसे असिद्ध कहते हैं। अथवा जिसका निश्चय न हो, उसे असिद्ध कहते हैं।

अनुमान किसको कहते हैं ?

साधनसे साध्यके ज्ञानको अनुमान कहते हैं।

हेत्वाभासके (साधनाभास) किसको कहते हैं ?

सदोष हेतुको।

हेत्वाभासके कितने भेद हैं ?

चार हैं—असिद्ध, विरुद्ध, अनैकान्तिक (व्यभिचारी) और अकिंचित्कर।

असिद्धहेत्वाभास किसको कहते हैं ?

जिस हेतुके भावका (गैरमौजूदगीका) निश्चय हो, अथवा उसके सद्भावमें (मौजूदगीमें) सन्देह (शक) हो, उसको असिद्ध-हेत्वाभास कहते हैं। जैसे "शब्द नित्य है। क्योंकि नेत्रका विषय है।" परंतु शब्द कर्णका विषय है, नेत्रका नहीं हो सकता, इस कारण "नेत्रका विषय" यह हेतु असिद्धहेत्वाभास है।

विरुद्धहेत्वाभास किसको कहते हैं ?

साध्यसे विरुद्ध पदार्थके साथ जिसकी व्याप्ति हो, उसको विरुद्धहेत्वाभास कहते हैं। जैसे—"शब्द नित्य है। क्योंकि परिणामी है" इस अनुमानमें परिणामीकी व्याप्ति अनित्यके साथ है, नित्यके साथ नहीं है। इसलिये नित्यत्वका "परिणामी हेतु" विरुद्ध-हेत्वाभास है।

अनैकान्तिक (व्यभिचारी) हेत्वाभास किसको कहते हैं ?

जो हेतु पक्ष सपक्ष विपक्ष इन तीनोंमें व्यापै, उसको अनैकान्तिकहेत्वाभास कहते हैं। जैसे— "इस कोठेमें धूम है। क्योंकि इसमें अग्नि है।" यहां अग्नि हेतु पक्ष सपक्ष विपक्ष तीनोंमें व्यापक होनेसे अनैकान्तिकहेत्वाभास है।

पक्ष किसको कहते हैं ?

जहां साध्यके रहनेका शक हो। जैसे ऊपरके दृष्टान्तमें कोठा।

सपक्ष किसको कहते हैं ?

जहां साध्यके सद्भावका (मौजूदगीका) निश्चय हो। जैसे—धूमका सपक्ष गीले इंधनसे मिली हुई अग्निवाला रसोई घर है।

विपक्ष किसको कहते हैं ?

जहां साध्यके अभावका (गैरमौजूदगीका) निश्चय हो। जैसे—अग्निसे तपा हुआ लोहेका गोला।

अकिञ्चित्करहेत्वाभास किसको कहते हैं ?

जो हेतु कुछ भी कार्य (साध्यकी सिद्धि) करनेमें समर्थ न हो।

अकिञ्चित्करहेत्वाभासके कितने भेद हैं ?

दो हैं—एक सिद्धसाधन, दूसरा बाधित विषय।

सिद्धसाधन किसको कहते हैं ?

जिस हेतुका साध्य सिद्ध हो। जैसे—अग्नि गर्म है। क्योंकि स्पर्श इन्द्रियसे ऐसा ही प्रतीत होता है।

बाधितविषयहेत्वाभास किसको कहते हैं ?

जिस हेतुके साध्यमें दूसरे प्रमाणसे बाधा आवे।

बाधितविषयहेत्वाभासके कितने भेद हैं ?

प्रत्यक्षबाधित, अनुमानबाधित, आगमबाधित, स्ववचनबाधित आदि अनेक भेद हैं।

प्रत्यक्षबाधित किसको कहते हैं ?

जिसके साध्यमें प्रत्यक्षसे बाधा आवे। जैसे "अग्नि ठण्डी है।

क्योंकि यह द्रव्य है।" तो यह हेतु प्रत्यक्षबाधित है।

अनुमानबाधित किसको कहते हैं ?

जिसके साध्यमें अनुमानसे बाधा आवे। जैसे "घास आदि कर्त्ताकी बनाई हुई है। क्योंकि—ये कार्य है।" परन्तु इसमें इस अनुमानसे बाधा आती है कि घास आदि किसीकी बनाई हुई नहीं है। क्योंकि इनका बनानेवाला शरीरधारी नहीं है। जो जो शरीर धारीकी बनाई हुई नहीं है, वे २ वस्तुएं कर्त्ताकी बनाई हुई नहीं है। जैसे—आकाश।

आगमबाधित किसको कहते हैं ?

शास्त्रसे जिसका साध्य बाधित हो, उसको आगमबाधित कहते हैं। जैसे—पाप सुखका देनेवाला है। क्योंकि यह कर्म है। जो जो कर्म होते हैं, वे वे सुखके देनेवाले होते हैं। जैसे—पुण्यकर्म। इसमें शास्त्र से बाधा आती है। क्योंकि शास्त्रमें पापको दुःख देनेवाला लिखा है।

स्ववचनबाधित किसको कहते हैं ?

जिसके साध्यमें अपने वचनसे ही बाधा आवे। जैसे—मेरी माता बन्ध्या है। क्योंकि पुरुषका संयोग होनेपर भी उसके गर्भ नहीं रहता।

अनुमानके कितने अंग हैं ?

पांच हैं। प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन।

सपक्ष किसको कहते हैं ?

जहां साध्यके सद्भावका (मौजूदगीका) निश्चय हो। जैसे—धूमका सपक्ष गीले इंधनसे मिली हुई अग्निवाला रसोई घर है।

विपक्ष किसको कहते हैं ?

जहां साध्यके अभावका (गैरमौजूदगीका) निश्चय हो। जैसे—अग्निसे तपा हुआ लोहेका गोला।

अकिञ्चित्करहेत्वाभास किसको कहते हैं ?

जो हेतु कुछ भी कार्य (साध्यकी सिद्धि) करनेमें समर्थ न हो।

अकिञ्चित्करहेत्वाभासके कितने भेद हैं ?

दो हैं—एक सिद्धसाधन, दूसरा बाधित विषय।

सिद्धसाधन किसको कहते हैं ?

जिस हेतुका साध्य सिद्ध हो। जैसे—अग्नि गर्म है। क्योंकि स्पर्श इन्द्रियसे ऐसा ही प्रतीत होता है।

बाधितविषयहेत्वाभास किसको कहते हैं ?

जिस हेतुके साध्यमें दूसरे प्रमाणसे बाधा आवै।

बाधितविषयहेत्वाभासके कितने भेद हैं ?

प्रत्यक्षबाधित, अनुमानबाधित, आगमबाधित, स्ववचनबाधित आदि अनेक भेद हैं।

प्रत्यक्षबाधित किसको कहते हैं ?

जिसके साध्यमें प्रत्यक्षसे बाधा आवै। जैसे "अग्नि ठण्डी है।

क्योंकि यह द्रव्य है।" तो यह हेतु प्रत्यक्षबाधित है।

अनुमानबाधित किसको कहते हैं ?

जिसके साध्यमें अनुमानसे बाधा आवै। जैसे "घास आदि कर्त्ताकी बनाई हुई है। क्योंकि—ये कार्य है।" परन्तु इसमें इस अनुमानसे बाधा आती है कि घास आदि किसीकी बनाई हुई नहीं है। क्योंकि इनका बनानेवाला शरीरधारी नहीं है। जो जो शरीर धारीकी बनाई हुई नहीं है, वे २ वस्तुएं कर्त्ताकी बनाई हुई नहीं है। जैसे—आकाश।

आगमबाधित किसको कहते हैं ?

शास्त्रसे जिसका साध्य बाधित हो, उसको आगमबाधित कहते हैं। जैसे—पाप सुखका देनेवाला है। क्योंकि यह कर्म है। जो जो कर्म होते हैं, वे वे सुखके देनेवाले होते हैं। जैसे—पुण्यकर्म। इसमें शास्त्र से बाधा आती है। क्योंकि शास्त्रमें पापको दुःख देनेवाला लिखा है।

स्ववचनबाधित किसको कहते हैं ?

जिसके साध्यमें अपने वचनसे ही बाधा आवै। जैसे—मेरी माता बन्ध्या है। क्योंकि पुरुषका संयोग होनेपर भी उसके गर्भ नहीं रहता।

अनुमानके कितने अंग हैं ?

पांच हैं। प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन।

प्रतिज्ञा किसको कहते हैं ?

पक्ष और साध्यके कहनेको प्रतिज्ञा कहते हैं। जैसे—"इस पर्वतमें अग्नि है।"

हेतु किसको कहते हैं ?

साधनके वचनको (कहनेको) हेतु कहते हैं। जैसे—क्योंकि यह धूमवान् है।"

उदाहरण किसको कहते हैं ?

व्याप्ति पूर्वक दृष्टान्तके कहनेको उदाहरण कहते हैं। जैसे—जहां २ धूम है, वहां २ अग्नि है। जैसे रसोईका घर। और जहां २ अग्नि नहीं है, वहां २ धूम भी नहीं है। जैसे तालाब।

दृष्टान्त किसको कहते हैं ?

जहांपर साध्य और साधनकी मौजूदगी या गैरमौजूदगी दिखाई जाय। जैसे—रसोईका घर अथवा तालाब।

दृष्टांतके कितने भेद हैं ?

दो हैं—एक अन्वयदृष्टान्त दूसरा व्यतिरेक दृष्टान्त।

अन्वयदृष्टांत किसको कहते हैं ?

जहां साधनकी मौजूदगीमें साध्यकी मौजूदगी दिखाई जाय। जैसे—रसोईके घरमें धूमका सद्भाव होनेपर अग्निका सद्भाव दिखाया गया।

...्यतिरेकदृष्टांत किसको कहते हैं ?

जहां साध्यकी गैरमौजूदगीमें साधनकी गैरमौजूदगी दिखाई ...ाय। जैसे—तालाव।

उपनय किसको कहते हैं ?

पक्ष और साधनमें दृष्टान्तकी सदृशता दिखानेको उपनय कहते ...। जैसे—यह पर्वत भी वैसा ही धूमवान है।

निगमन किसको कहते हैं ?

नतीजा निकालकर प्रतिज्ञाके दोहरानेको निगमन कहते हैं। ...से—इसलिये यह पर्वत भी अग्निवान है।

हेतुके कितने भेद हैं ?

तीन हैं—केवलान्वयी, केवलव्यतिरेकी, अन्वयव्यतिरेकी।

केवलान्वयी हेतु किसको कहते हैं ?

जिस हेतुमें सिर्फ अन्वयदृष्टान्त हो। जैसे—जीव अनेकान्त-...स्वरूप है। क्योंकि सत्स्वरूप है। जो जो सत्स्वरूप होता है, वह ... अनेकान्तस्वरूप होता है। जैसे—पुद्गलादिक।

केवलव्यतिरेकी हेतु किसको कहते हैं ?

जिसमें सिर्फ व्यतिरेक दृष्टान्त पाया जावे। जैसे—जिन्दा ...शरीरमें आत्मा है। क्योंकि इसमें श्वासोच्छ्वास है। जहां २ आत्मा ...नहीं होता, वहां २ श्वासोच्छ्वास भी नहीं होता। जैसे—चौकी ...वगैरह।

अन्वयव्यतिरेकी हेतु किसको कहते हैं ?

जिसमें अन्वयी दृष्टान्त और व्यतिरेकी दृष्टान्त दोनों हों। जैसे पर्वतमें अग्नि है। क्योंकि—इसमें धूम है। जहां २ धूम है वहां २ अग्नि होती है। जैसे रसोईका घर। जहां २ अग्नि नहीं है वहां २ धूम भी नहीं है। जैसे तालाब।

आगमप्रमाण किसको कहते हैं ?

आप्तके वचन आदिसे उत्पन्न हुए पदार्थके ज्ञानको।

आप्त किसको कहते हैं ?

परमहितोपदेशक सर्वज्ञदेवको आप्त कहते हैं।

प्रमाणका विषय क्या है ?

सामान्य अथवा धर्मी तथा विशेष अथवा धर्म दोनों अंशोंका समूहरूप वस्तु प्रमाणका विषय है।

विशेष किसको कहते हैं ?

वस्तुके किसी खास अंश अथवा हिस्सेको विशेष कहते हैं।

विशेषके कितने भेद हैं ?

दो हैं—एक सहभावी विशेष, दूसरा क्रमभावी विशेष।

सहभावी विशेष किसको कहते हैं ?

वस्तुके पूरे हिस्से और उसकी सब अवस्थाओंमें रहनेवाले विशेषको सहभावी विशेष अथवा गुण कहते हैं

क्रमभावी विशेष किसको कहते हैं ?

क्रमसे होनेवाले वस्तुके विशेषको क्रमभावी विशेष अथवा पर्याय कहते हैं।

प्रमाणाभास किसको कहते हैं ?

मिथ्याज्ञानको प्रमाणाभास कहते हैं।

प्रमाणाभास कितने हैं ?

तीन हैं - संशय, विपर्यय और अनध्यवसाय।

संशय किसको कहते हैं ?

विरुद्ध अनेक कोटी स्पर्श करनेवाले ज्ञानको संशय कहते हैं। जैसे—यह सीप है या चांदी ?

विपर्यय किसको कहते हैं ?

विपरीत एक कोटीके निश्चय करनेवाले ज्ञानको विपर्यय कहते हैं। जैसे—सीपको चांदी जानना।

अनध्यवसाय किसको कहते हैं ?

"यह क्या है ?" ऐसे प्रतिभासको अनध्यवसाय कहते हैं। जैसे मार्ग चलते हुएके तृण वगैरहका ज्ञान।

॥ श्रीजैन सिद्धान्त प्रवेशिकासें जाणना ॥

॥ इति ॥

प्रमाण च्यार—(१) प्रत्यक्ष (२) अनुमान
(३) आगम (४) ओपमा ।

(१) प्रत्यक्ष प्रमाणका दो भेद—इन्द्रि
प्रत्यक्ष और नोइन्द्रिय प्रत्यक्ष ।

इन्द्रिय प्रत्यक्षका पांच भेद---(१) श्रु
(२)चक्षु (३) घाण (४) रस (५) स्पर्श ।

नोइन्द्रिय प्रत्यक्षका दो भेद--- देशथकी
और सर्वथकी।

देशथकी कहता---अवधिज्ञान, मनपर्यव
ज्ञान ।

सर्वथकी कहता---केवल ज्ञान ।

(२) अनुमान प्रमाणका तीन भेद—(१
पुर्व (२) शेशवं (३) दीठी शाम ।

(१) पुर्व कहता—जैसे किसी माताक
पुत्र, बहिनका भाई, स्त्रीका भर्ता, छोटी

परदेश गया और वहुत समय रहके वापिस आया, तव माता पुत्रको, वहिन भाईको, स्त्री भर्ताको, कैसे अनुमान करके पीछाणे—तीलो-करके, मीसो करके, वर्ण करके, संठान करके या कोई पुर्व चिन्ह करके ओलखे।

(२) शेशव का ५ भेद—(१) कजेणं (२) कारणेणं (३) गुणेणं (४) अव्यवेणं (५) आसरेणं।

(१) कजेणं कहता—शब्दे करी संख, तालेकरी भैरी, दुडुको करी सांड, मोर कोकाट करी, घोड़ो हणहणाट शब्द करी, हाथी गुल-गुलाट शब्द करी, रथ भणभणाट शब्द करी जाणीजे।

कारणेणं कहता—कपड़ेरो कारण तंतु, तंतुरो कारण कपड़ो नहीं; कड़ारो कारण कड़वी, कड़वी रो कारण कड़ो नहीं; घड़ानो कारण मिट्टी, मिट्टी रो कारण घड़ो नहीं;

रोटी रो कारण आटो, आटे रो कारण रोटी नहीं; सोनारो कारण कसौटी, कसोटीरो कारण सोनो नहीं।

(३) गुणेण कहता—फुलमें सुगंधरो गुण, लूणमें रसरो, सोनामें कसौटीरो, मदरामें स्वादरो, दूधमें पुष्टिरो गुण।

(४) अव्यवेण कहता—सींग करीने भैसो जाणे, सिखा करीने कुकड़ो जाणे, दंतशुल करीने हाथी जाणे, डाढे करी सुअर जाणे, चितरामरी पांख करी मोर जाणे, खुर करी घोड़ो जाणे, नखे करी वाघ जाणे, चवर करी चवरी गाय जाणे, दंता करीने चुड़ावन जाणे, पूंछे करी वंदर जाणे, केशाली करी सिंह वे पग करी मनुष्य, चोपग करी पशु, बहुपग करी कांसलेउ, (कानसुलाच या गजाइ) जाणे खांधे करी सांड जाणे, वलिया करी महोल (कुमारी कन्या) जाणे, शस्त्र करी सुभट जाणे

वेश (कांचली पहरी) करी स्त्री जाणे, खंधा करी वृक्ष जाणे, काव्य करी पंडित जाणे, एक कण सीज्योजाणी घणाकण सीज्या जाणया।

(५) आसरेण कहता—धुंआने आश्रे अग्नि, बुगलाने आसरे सरोवर, आभाविकार आसरे वृष्टि, सुशील आचार आसरे भलो कुल जाणे ।

(३) दीठी शामका दोय भेद—सामान दृष्टांत और विशेष दृष्टांत ।

सामान दृष्टांत कहता—एक मनुष्य देखी घणा मनुष्य जाणे, एक रुपैयो देखी घणा रुपैया जाणे ।

विशेप दृष्टांत कहता---घणा मनुष्यमें एक मनुष्य देखीने कहेके ए मनुष्यने में देख्यो हतो, घणा रुपैयामें एक रुपैयो देखीने कहे आ रुपैयो मेरे पास आयो हतो, अथवा (अनुमान

प्रमाणसे) तीन कालकी शुभ बात जाणे या अशुभ वात जाणे ।

॥ दृष्टांत ॥

गये कालकी वात जाणे---जैसे मुनिराज विहार करता हुआ किसी देशमें जाते जमीन कादा कीच रहीत देखी वाग वगीचा तलाव निवाण सुका देख्या, खलांमें धानका समूह थोड़ा देख्या, तव मुनीने (अनुमान प्रमाणसे) विचार किया कि इस देशमें भूतकालमें दुर्भिक्ष था।

वर्तमान कालकी वात जाणे---जैसे मुनिराजके आहार पाणीकी खप, गाममें धनाढ्य लोक और वड़ा वड़ा मकानों होनेपर भी पूर्ण गोचरी न मिलनेसे (अनुमान प्रमाणसे) जाणयाके यहां दुर्भिक्ष वर्तते हैं ।

आगम कालकी वात जाणे---जैसे मुनि-

राज विहार करता पर्वत, पहाड़ डरावना देख्या, दिशा भयंकर देखी, और आकाशमें उदगमच्छा अमोधा धनुषबाण आदि न देख्या, ऐसा अशुभ चिन्ह देखकर जाणे के यहां भविष्यमें दुकाल पड़ेगा ए अनुमान प्रमाण है ।

॥ दृष्टांत ॥

विशेष प्रकारे शुभरा ३ भेद—

१—शुभ देखे तो कांई देखे, घास-तृण धरतो भरी देखे, कुवा, बावड़ी, तलाव या देखे, बाग-बगीचा हरा देखे जद जाणे, काले वर्षा घणी हुई दीसे छै ।

२—वर्तमान काले आश्री देखे तो कांई एक मोटो नगर देखे वा गांव देखे, वान, धीणो, घणो देखे, एक पंथी प्राणी निसरो, भुख, तृषा करीने आकुल, व्याकुल थयो छै, तिण ऊपर करुणा आणी,

सुख समाधी पुछे तिणने अन्न पाणी घणो
धामे दातारो मन (देवणहार) चढतो जाणे
घणो लेवे तो भलो (चोखो) ऐम जाणे अने
इण पंथीरो मन लेवणरो नहीं, जाणे थोड़ो
लेवुं तो ठीक, मनमें घणो संतोष, जद जाणे
जे वर्तमान इण गांवमें कोई शुभ होवणहार
होवतो दीसे छे ।

३—आगमने काले आश्री देखे तो कांई
देखे गमता वायरा वाजे, दिशराती, आभा मे
बीजली थोड़ी चमके और तारा थोड़ा जड़खड़
धरती घणी धुजे नहीं, चांद सूर्य्यरा ग्रहण
मरजाद उलंघी ना हुवे, पर्वत पहाड़, रलीयावण
दीसे, जद जाणे आगमनी काले वर्षा घणी
हुवणी चाहिए ।

॥ विशेष दृष्टांत ॥

अशुभरा ३ भेद---

१---अशुभ देखेतो कांई देखे, तृण रवि

धरती देखे, तलाव, वावड़ी, वाग, वगीचा, सुका देखे, जद जाणे गये काल वर्षा थोड़ी हुई दीसे छै।

२---वर्तमान काले आथी देखे तो कांई देखे, एक मोटो नगर देखे, धन, धान, धीणांरा घणो संचो देखे, जहां एक पंथी आय निकलो भुख, तृषा करने आकुल व्याकुल थयो छै तिणने कोई वूझे नहीं अन्न, पाणी धामे नहीं, जे कोई देवेतो देवणारो मन थोड़ो अने पंथी लेवणहारको मन घणो, तेनो मन धापे नहीं तिण करीने गये काले अशुभ ओलखे, वर्तमान कालमें कोई एक अशुभ होणहार दीसे छै।

३---आगम काल आथी देखे तो कांई देखे, उकलीया सांडलीया वायरो मननें णसुहावतो, वाजे दिशाराती घणी हुई, रा घणा टूटे, धरती घणी धुजे, मरजाद ांत चांद सूर्य रा ग्रहण घणा हुवे, पर्वत

पहाड़ विहामण घणा दीसे, जद जाणे आगमने काले वर्षा थोड़ी हुसी, यह दीठी श्म विशेष दृष्टान्त अनुमान प्रमाण है।

(३) आगम प्रमाणका दो भेद—लौकिक प्रमाण और लोकोत्तर प्रमाण।

लौकिक प्रमाण कहता—(अज्ञानी मिथ्यत्वीका रच्या थका) गीता, भागवत, रामायण, वैदक शास्त्र, भारत, ४ वेद, जोतक शास्त्र, गुड़पुराण अने कुर्म पुराण, १४ विद्या, १८ पुराण, ६४ स्त्री की कला, ७२ कला पुरुषकी, इत्यादि रा जाण हुवे, मिथ्यात्वि भणे तो मिथ्यात्वमें प्रगटे, समगति भणे तो समक्तमें प्रगटे, मिथ्यात्वी कोई एक सकोमल प्रकृतिरो धणी, हियारो सरल, प्रकृतिरो भदरीक भणे अने शुद्ध विचारे, माटाने माटो जाणे, परहरे तो सुकल पखी होवे।

॥ लोकोत्तर प्रमाण ॥

लोकोत्तर आगम प्रमाण कहता—तिर्थंकर
गणधरका राच्या थका, द्वादशांग, श्री आच-
ांगजी, सुयगडांगजी, ठाणांयंगजी, भगवतीजी,
ज्ञाताजी, उपासकदशांगजी, अंतगड़दशांगजी,
अनुतरोववाइजी, प्रश्न—व्याकरणजी, विपाक-
सुत्रज, दृष्टिवाद, केवली चौदहपुर्वधारी.---
जावदशपूर्वधारीका राच्या थका आगम उसको
लोकोत्तर आगम प्रमाण कहिये।

अथवा आगम प्रमाणका तीन भेद—(१)
सुतागमे (२) अथागमे (३) तदुभयागमे।

अथवा आगम प्रमाणका तीन भेद—(१)
अतागमे (२) अणंतरागमे (३) परम्परागमे।

तिर्थंकर भगवानका अर्थ अतागमे,
गणधर महाराजका सुत्र अतागमे अने
अर्थ अणंतरागमे, गणधरके शिष्यके सुत्र

अणांतरागमे अने अर्थ परम्परागमे, गणधरके शिष्यके शिष्यको सुत्र परम्परागमे अने अर्थ परम्परागमे ।

४ ओपमाप्रमाणका दो भेद—सामोविणीहं, और वेहमोविणीहं ।

सामोविणीहंका तीन भेद—(१) किंचित सामोविणीहं (२) प्रायसामोविणीहं (३) सर्वसामोविणीहं ।

(१) किंचित सामोविणीहं केहता—मेरू पर्वत सरसु जैसो, सरसु मेरू पर्वत जैसी; समुद्र गो पद जैसो, गो पद समुद्र जैसो; सूर्य्य अग्निया जैसो, अग्निया सूर्य्य जैसो; चन्द्रमा कमल जैसो, कमल चन्द्रमा जैसो ।

(२) प्रायसामोविणीहं केहता—गौ (गउ) रोज जैसी, रोज गौ जैसो ।

(३) सर्व सामोविणीहं केहता—ओपमा न थी तांम पण कइ वतावे छै, तिर्थंकर, तिर्थंकर

सरीखो कियो, चक्रवर्ती वासुदेव वलदेव।

किंचित वेहमोविणीहं केहता—जाव वाहुलेरो नता साहुलेरो, नता साहुलेरो जाव वाहुलेरो।

प्रायवेहमोविणीहं केहता—नवाय सो नता पायसो, नता पायसो नवायसो।

सर्ववेहमोविणीहं केहता—नीच, नीच सरीखो कियो, दास काग कुत्तो।

ए तीनु अर्थ रहित है।

अथवा ओपमाका च्यार भेद—(१) छती वस्तुने छती ओपमा (२) छती वस्तुने अछती ओपमा (३) अछती वस्तुने छती ओपमा (४) अछती वस्तुने अछती ओपमा।

छती वस्तुने छती ओपमा केहता—पद्मनाभ भगवान महावीर स्वामी जैसा, भगवानरी भुजा कैसी, के नगर ना भोगल जैसी, भगवान रो हृदय कैसो, के नगर ना कवाड़ जेसो।

छती वस्तुने अछती ओपमा केहता—नारकी देवताको आउखो तथा पल्योपम सागर को आउखो छतो ओपमा अछती; जैसे कुवेको मान किणही भरयो नहीं भरे नहीं, भरसी नहीं, भरवाने समर्थ नहीं।

अछती वस्तुने छती ओपमा केहता—जेहवो खजवो तेहवो सूर्य्य, जेहवो सूर्य्य तेहवो खजवो; जेहवो गोपीचंदण तेहवो चन्द्रमा, जेहवो चंद्रमा तेहवो गोपीचंदण।

॥ दोहा ॥

पान पड़ंतो इम कहे, सुन तरुवर वनराय।
अबके विछड़े कब मिले, दूर पड़ेंगे जाय।
चलतो तरुवर इम कहे, सुन पतर एक बात।
इण घर यही रीत है, एक आवत एक जात।
पान भड़ंतो (पड़ंतो) देखने, हंसी कुंपलीयां।
मोह विती तोह वीतसी, धीरज बापरियां।
कब पतर इम बोलीयो, कब तरवर दियो जवाव।

वीर वखाणी ओपमा, अनुयोग द्वार मंझार।

अछती वस्तुने अछती ओपमा कहता—गधाना सींग कैसा के सिसीआ सरीखा, सिसीआना सींग कैसा के गधा सरीखा, घोड़ाना सींग कैसा के गधा सरीखा, गधाना सींग कैसा के घोड़ा सरीखा।

अथ नव तत्व पर चार प्रमाण उतारते हैं।

॥ १ जीव तत्व ॥

(१) प्रत्यक्ष प्रमाणसे--चेतना लक्षण युक्त।

(२) अनुमान प्रमाणसे---बाल, युवा (जवान), वृद्ध तथा शास्त्रमें त्रसके लक्षण संकोचियं पसारियं इत्यादि चले सो और

स्थावरके प्रमाणके लिए अंकूरेसे लगा मनुष्यकी तरह वृद्धि पावेसो।

(३) ओपमा प्रमाणसे---जीव अरूपी आकाशवंत् पकड़ाय नहीं जीव अनादि अनंत धर्मादिकायवत् तथा तिलेपु यथा तैलं पयेपु यथा घृतं वन्हिपु यथा तेजं तनेपु यथा जीवं।

(४) आगम प्रमाणसे---

॥ गाथा ॥

कम्मकत्ता अयंजीवो कम्मछित्ता जीवगुणा-यव्वो अरूवीणिच्चअणाइ ऐयंजीवस्सलचनं।

अर्थात्--शुभाशुभ कर्मका कर्त्ता और उसका भुक्ता (भोगणे वाला) ये जीव है, ज्ञान संयम तपसे इन कर्मोंका छेदनवाला भी यही जीव हैं; जीव अरूपी किसीके दृष्टिमें नहीं आवे ऐसा नित्य इसका कभी विनाश नहीं

होता है, अर्थात् जीवका अजीव हुआ नहीं और होवेगा भी नहीं ; अणाइये अनादि है अर्थात् इसको किसीने बनाया नहीं इसलिए इसकी आदि नहीं अनादि सिद्ध है तथा एक शरीरमें एक संख्याते असंख्याते अनन्ते जीव है इत्यादि अनेक दृष्टांतसे शास्त्रमें जीव सिद्ध किया है ।

॥२ अजीव तत्व ॥

(१) प्रत्यक्ष प्रमाणसे—अजीवका जड़ लक्षण जीवका प्रतिपक्षी वर्णायादि पर्याय मिलनेका विखरनेका स्वभाव देखाय सो प्रत्यक्ष प्रामाण ।

